हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 9 मई 2026

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 जल संरक्षण के लिए ब्लॉक के 77 सरपंचों और रोजगार सहायकों ...



11 सेजेस अंडा स्कूल परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट





## खबर संक्षेप

### जिला ग्राम पटेल संघ की मासिक बैठक 12 को

**बालोद।** जिला ग्राम पटेल संघ बालोद का मासिक बैठक 12 मई मंगलवार दोपहर 12 बजे स्थान मां बंजारी धाम जुंगेरा में आयोजित की गई है। इसमें जिला बालोद के समस्त ग्राम पटेल उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी संघ के मिडिया प्रभारी भाव सिंह यदुवंशी ने दी।

### मवेशी से टकराई बाइक, महिला की इलाज के दौरान मौत

**अंडा।** थाना क्षेत्र में 7 मई की रात लगभग 07.45 बजे टायर फैक्ट्री डौकीडीह रोड अंडा के पास एक बाइक चालक महिला सड़क पर अचानक आए मवेशी से टकरा गयी। हादसे में वह महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना अंडा प्रभारी पारस राम ठाकुर के अनुसार मृतिका रेखा बाई साहू 42 वर्ष, निवासी उतई अपने बहनोई के साथ बाइक में सवार होकर गुण्डरदेही से उतई वापस लौट रही थीं। इसी दौरान टायर फैक्ट्री डौकीडीह रोड के पास अचानक बाइक के सामने मवेशी आ गया। चालक संभल पाता, उससे पहले ही बाइक मवेशी से जा टकराई और दोनों सवार सड़क पर गिर पड़े। हादसे में रेखा बाई साहू को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल मदद करते हुए 108 एम्बुलेंस की मदद से घायल महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा उपचार शुरू किया गया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शव का मर्ग पंचनामा कर विधिवत कार्रवाई की जा रही है। शेष पेज 10पर

## घटना : रेस्क्यू अभियान के बाद वन विभाग तेंदुए की तलाश में जुटा

# खाट में बैठकर कुएं से निकला तेंदुआ, गांव की ओर भागा, जगतरा में फैली दहशत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम जगतरा में कुएं में गिरे तेंदुआ को वन विभाग ने रेस्क्यू किया। जेसीबी के मदद से खाट कुएं में उतारी गई। खाट में बैठकर तेंदुआ जैसे की कुएं से बाहर आया, कूदकर गांव की ओर भाग निकला। वन विभाग अब तेंदुए की तलाश में जुट गया। दूसरी तरफ गांव में दहशत फैली हुई है। बिना बेहोश किए तेंदुए को बाहर निकालने पर भी सवाल उठ रहे हैं।

■ जान बचाने के लिए घंटों मोटर पाइप को पकड़कर लटका रहा

जिले में भीषण गर्मी से आम जनता ही परेशान नहीं है बल्कि जंगली जानवर भी हलाकान हैं। पानी की खोज में जंगलों से निकलकर गांव में स्थित तालाब- कुंआ के पास पहुंचते दिख रहे है। जिले के बालोद ब्लाक के जगतरा ग्राम में सुबह उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब एक तेंदुआ पानी की तलाश में गांव के एक गहरे कुएं में गिर गया। घटना की जानकारी तब हुई जब सुबह ग्रामीण कुएं से पानी निकालने पहुंचे। कुएं के भीतर का नजारा देख ग्रामीणों के होश उड़ गए। जहां तेंदुआ शेष पेज 10 पर

### बिना ट्रेंकुलाइज किए बाहर निकालने पर उठे सवाल?

घटना के बाद वन विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए को बिना ट्रेंकुलाइज किए बाहर निकालना बड़ी चूक थी। यदि पहले उसे बेहोश किया गया होता, तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। तेंदुए के अचानक गांव में प्रवेश करने से महिलाएं और बच्चे काफी भयभीत हैं।

### वन अमला तेंदुए की तलाश में जुटा

तेंदुए के भागने के बाद वन विभाग की टीम भी उसके पीछे गांव की दिशा में रवाना हो गई। फिलहाल टीम आसपास के जंगलों और खेतों में तेंदुए की तलाश में जुटी हुई है। ग्रामीणों का मानना है कि तेंदुआ गांव से निकलकर पास के जंगल की ओर चला गया होगा। एहतियात के तौर पर लोगों को घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी जा रही है।

## जगतरा में तेंदुए की दस्तक, रेस्क्यू के बीच एसडीएम ने लागू की धारा 163

**बालोद।** वन विभाग बालोद परिक्षेत्र के अंतर्गत 8 मई को वन्य प्राणी तेंदुआ का रेसक्यू कार्य जारी होने के कारण अनुविभागीय दण्डाधिकारी बालोद नूतन कंवर के द्वारा तत्काल प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किया गया है।

एसडीएम नूतन कंवर ने बालोद विकासखण्ड के ग्राम जगतरा के स्थानीय ग्रामीण एवं आमजनों द्वारा भीड़ एकत्रित हो जाने के कारण रेस्क्यू में कठिनाई होने की सूचना प्राप्त होने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में वन्य प्राणियों (जैसे हाथी, भालू, तेंदुआ आदि) के रहवासी इलाकों में घुसने से मानव–वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को कम करने एवं किसी अप्रिय घटना की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए एवं नागरिकों की सुरक्षा के लिए भारतीय सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत ग्राम जगतरा सहित आस–पास के क्षेत्रें में प्रतिबंधात्मक आदेश आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से लागू किया है।

■ भीड़ जुटाने और वीडियो बनाने पर रोक

अनुविभागीय दण्डाधिकारी द्वारा लागू किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत वन्य प्राणियों के देखे जाने वाले क्षेत्र में 05 या अधिक लोगों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसी तरह वन्य प्राणी प्रभावित इलाकों में देर रात या सुबह के समय आवाजाही प्रतिबंधित की गई है। इसके अलावा नागरिकों को वन विभाग की रेस्क्यू टीमों को सहयोग करने और भीड़ लगाकर वन्य प्राणियों को उत्तेजित न करने का दिशा–निर्देश जारी किया गया है। इसके साथ ही आम नागरिकों को वन्यजीवों के करीब नही जाने तथा उसका फोटो, वीडियो नही बनाने और प्रभावित क्षेत्रों में सतर्क रहने की भी सलाह दी गई है।

इसके अलावा किसी भी व्यक्ति के अनावश्यक रूप से जंगल, खेत अथवा सुनसान क्षेत्रें में अकेले आवागमन शेष पेज 10पर

## बालोद जिले ने अंधत्व नियंत्रण में बनाया रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम इकाई बालोद के तत्वावधान में अंधत्व नियंत्रण कार्यकम की उपलब्धि शत प्रतिशत रही। जिलाधीश दिव्या उमेश मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिक्षरी डॉ. जेएल. उईके जिला के निर्देशन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी सहयोग से तथा जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में यह उपलब्धि प्राप्त हुई। जिले के सभी नेत्र सहायक अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पंजीकृत कर जिला अस्पताल एवं गैर सरकारी संख्या में आपरेशन हेतु रेफर करते हैं।

■ लक्ष्य से अधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन कर हासिल की शत–प्रतिशत उपलब्धि

जिले में मोतियाबिंद आपरेशन का लक्ष्य 3500 के विरुद्ध 4643 आपरेशन कर शत–प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त किये। स्कूल नेत्र परीक्षण के अंतर्गत 1410 दृष्टिदोष वाले छात्र छात्रओ को निःशुल्क चश्मा प्रदाय किया गया तथा नजदीकी नजर का चश्मा अंधत्व कार्यक्रम एवं सहयोग से 2175 निःशुल्क चश्मा नजदीक नजर का वितरण किया गया जो लक्ष्य के विरुद्ध शत–प्रतिशत है। 04 नेत्रदान कार्यक्रम के अतर्गत 10 लक्ष्य के विरुद्ध 04 शेष पेज 10पर









## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार में मुख्य मार्ग पर धूल और सफाई व्यवस्था सुधारने की मांग



**गुण्डरदेही।** वार्ड 13 के पार्षद फैज बख्श अपने वार्ड की समस्या को लेकर शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर सुशासन तिहार में अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि मेन रोड़ में धूल उड़ने के कारण व्यापारी व आम लोगों को काफी परेशानी होती है, जिसे देखते हुए मेन रोड़ में प्रतिदिन झाड़ू लागने, वार्ड में लगातार सफाई व वार्ड में नाली, सड़क बनाने सुशासन तिहार में आवेदन कर शिकायत व मांग की है।

### निगम मुख्य कार्यालय रिसर में आज सुशासन तिहार

**भिलाई।** शासन के निर्देशानुसार शासकीय काम काज में पारदर्शिता तथा योजनाओं और कार्यक्रमो का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने सुशासन तिहार 2026 चलाया जा रहा है। इसके तहत भिलाई निगम मुख्य कार्यालय परिसर में 8 मई को आयोजित किया गया है। शिविर में वार्ड क्रं. 09 राजीव नगर सुपेला, वार्ड क्रं. 10 लक्ष्मी नगर, वार्ड क्रं. 11 फरीद नगर, वार्ड क्रं. 12 रानी अवंती बाई कोहका, वार्ड क्रं. 13 पुरानी बस्ती कोहका, वार्ड क्रं. 17 नेहरू भवन एवं वार्ड क्रं. 18 कान्ट्रेक्टर कालोनी हेतु रखा गया है। इस शिविर में संबंधित क्षेत्र के नागरिक अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकते है। इस शिविर के नोडल अधिकारी सह कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल एवं सहायक नोडल अधिकारी सह सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू होगें। नागरिक कार्यालयीन समय में शिविर स्थल पर उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है। साथ ही अपने समस्याओ का निराकरण एवं योजनाओं का लाभ उठा सकते है।

### दरगाह समिति का गठन हैदर अली बने अध्यक्ष

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज के आदेश पर हजरत बाबा सैय्यद अब्दुल रहमान शाह काबुली रहमत अल्लैह सरकार दरगाह समिति 118 के कमेटी का गठन किया है। नवगिठत कमेटी के अध्यक्ष हैदर अली मोहम्मद मोहसिन अली, मोहम्मद नमीरूद्दीन शेख उपाध्यक्ष, जाकिर खोखर सचिव, जमील खान सहसचिव, अब्दुल खालिक पार्षद वार्ड 8 तकियापारा कोषाध्यक्ष, एमआई फिरौजी सह कोषाध्यक्ष, कमरुद्दीन सिद्दीकी, शेख रियाजुद्दीन, दानिश परवेज, हसनपुवार, अनीम खान, इमरान खान, अहमद खान, शाहरुख खोखर कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं। दरगाह आलिया में चादरपोसी कर नवगठित कमेटी ने कार्य प्रारंभ कर दिया है। नवगठित दरगाह प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हैदर अली सदस्यों ने विजय बघेल सांसद, सरोज पाण्डेय, गजेंद्र यादव कैबिनेट मंत्री, अलका बाघमार महापौर, सुरेंद्र कौशिक अध्यक्ष जिला भाजपा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### स्कूल में चोरी, सीसीटीवी और कम्प्यूटर पार

**भिलाई।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लिमतरा में चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर ने स्कूल का ताला तोड़ अंदर रखे डीवीआर, दो कैमरा सहित कम्प्युटर सेटअप को पार कर दिया। कुम्हारी थाना पुलिस ने 305(ए) और 331(4) के तहत अपराध दर्ज किया है। लिमतरा स्कूल के व्याख्याता अश्वनी कुमार कुर्रे ने पुलिस को बताया कि वे 4 मई को स्कूल गए थे और दोपहर 12 बजे विद्यालय बंद होने के बाद घर आ गए। गुरुवार सुबह 8 बजे विद्यालय में साफ सफाई के लिए स्कूल पहुंची उर्मिला धीवर चैनल गेट को खोलकर अंदर कमरे में गई तो कमरे का ताला टूटा मिला। सूचना पर स्कूल पहुंचे तो देखा कि प्राचार्य कक्ष का ताला टूटा हुआ था और अंदर रखे सामान अस्त ब्यस्त पड़े थे। कमरा कें अंदर एक डीवीआर, दो कैमरा किमती 10000 रुपए गायब था। कार्यालय कक्ष का ताला भी टूटा हुआ था। अंदर रखे एक कम्प्यूटर सेटअप किमती 20000 रुपए को कोई अज्ञात चोरी कर ले गया।

## आयोजन : संभाग स्तर के लिए बनाई जगह

# जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड में तेलीगुंडरा के बच्चों ने बिखेरा जलवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

सनसाइन पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता 2026–27 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिला दुर्ग के तीनों ब्लाक दुर्ग, पाटन और धमधा के बालक–बालिकाओं के लिए ट्रेडिशनल योगासन विधा आयोजित हुई, जिसमें 10–14 वर्ष एवं 14–17 वर्ष आयु वर्ग की छात्र छात्रओं ने भाग लिया।

प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार, विभिन्न योगासन तथा प्राणायाम में उत्कृष्ट संतुलन, लचीलापन और एकाग्रता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान खेल भावना एवं अनुशासन सराहनीय रहा। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पाटन ब्लाक से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तेलीगुंडरा के बच्चों ने महेंद्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में विजयश्री का परचम लहराया। टोमांसिक पटेल, याना साहू, श्वेता यदु और भाविका देवाँगन ने योग





में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संभाग स्तरीय योगा ओलंपियाड के लिए स्थान सुरक्षित किये।।

इस अवसर पर प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल तेलीगुण्डरा कुमुद साहू, प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तेलीगुण्डरा एमएल. वर्मा, संकुल समन्वयक हेमंत कुर्रे, खेल प्रशिक्षक अंजू रत्नाक, प्रधान पाठक, प्राथमिक शाला अण्डा चंद्रहास साहू एवं योग प्रशिक्षक शासकीय आयुर्वेद औषधालय तेलीगुण्डरा महेंद्र कुमार साहू ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को मंच मिलता है तथा विद्यार्थियों में शारीरिक, मानसिक विकास के साथ स्वस्थ जीवनशैली की आदत विकसित होती है। कार्यक्रम के अंत में विजेता छात्र छात्रओं को प्रोत्साहित किया गया एवं सभी से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया गय।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रायपुर में बालोद के नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने बिखेरी चमक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

▪ यूनाइटेड इन ह्यूमैनिटी पर दी शानदार प्रस्तुतियां

विश्व रेड क्रॉस दिवस पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारत एवं मारुति इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग दानीटोला बालोद के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर के हिस्सा लिया और यह कार्यक्रम यूनाईडेट इन हिम्यूनीटी विषय पर आधारित राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में रेडक्रॉस के सात सिद्धांतों पर आधारित नाट्य मंचन, लोक नृत्य तथा स्वास्थ्य एवं समाज सेवा भावनाओं पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन एवं पुरस्कार का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से भाईचारा की भावना को विकसित करने के साथ रेडक्रॉस के मानव से गतिविधियों से जोड़ना है। विभिन्न गतिविधियां जैसे लोक नृत्य, नाट्य, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य मारुति इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग दानीटोला बालोद डॉ. सिजो कोसी, प्राचार्य भारत इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग दानीटोला बालोद प्रोफेसर डेनियल दीपक मसीह, असिस्टेंट प्रोफेसर त्रिवेणी पटेल, असिस्टेंट प्रोफेसर अक्षय यादव एवं अन्य शिक्षक शिक्षिका के मार्गदर्शन में समस्त छात्र–छात्राओं ने कार्यक्रम के विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।

## नशीली दवाओं और तंबाकू उत्पादों पर प्रशासन ने बरती सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

▪ 41 दुकानों के खिलाफ की गई चालानी कार्रवाई

छत्तीसगढ़ शासन एवं नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा द्वारा गठित औषधि विभाग की टीम द्वारा 6 एवं 7 मई को बालोद जिले के विभिन्न दुकान संचालकों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की गई।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नोडल अधिकारी ने बताया कि इस दौरान झलमला चौक, रेलवे फाटक, दल्लीराजहरा प्रेस स्टैण्ड, डौण्डी एवं विभिन्न क्षेत्रों में संचालित दुकानों में सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2003 के तहत 41 चालानी कार्रवाई की गई है। साथ ही दुकानों का तम्बाकू एवं तम्बाकू उत्पाद के रखरखाव एवं धूम्रपान निषेध का बोर्ड प्रदर्शित करने एवं नाबालिगों को तम्बाकू एवं तम्बाकू उत्पाद विक्रय नहीं करने



संबंधी दिशा–निर्देश दिया गया। स्थापक एवं मनः प्रभावी औषधियों (नशीली दवाओं) के संबंध में बालोद जिले में संचालित विभिन्न दवा दुकानों में औचक निरीक्षण किया गया। दवा दुकानों में निरीक्षण के दौरान खरीदी–बिकी रिकार्ड की जांच की गई। दवा दुकान संचालकों को स्वापक औषधियों के खरीदी–बिकी रिकार्ड नियमानुसार रखने एवं डाक्टरों के वैध पचर्एं पर ही स्वापक औषधियों की बिकी करने हेतु निर्देशित किया गया है। अभियान के तहत आगामी दिवस में भी जिले के अन्य क्षेत्रें में भी कोटपा एक्ट 2003 के तहत चालानी कार्यवाही एवं स्थापक एवं मनः प्रभावी औषधियों (नशीली दवाओं) के संबंध में जांच की जाएगी। उल्लेखनीय है कि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा प्रदेशव्यापी 15 दिवसीय विशेष अभियान सही दवा, शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार बालोद जिले में विधिवत आरंभ किया गया है। यह अभियान 27 अप्रैल से 11 मई तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों तथा औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

## रेलवे इंस्टिट्यूट के निःशुल्क समर कैंप का लाभ उठा रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्ली राजहरा

रेलवे इंस्टिट्यूट दल्ली राजहरा द्वारा 1 से 30 मई तक निःशुल्क समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप के सातवें दिन तक लगभग 280 बच्चों का पंजीयन हो चुका है।

समर कैंप के मुख्य कोच एडवर्ड स्टीफन ने बताया कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के उद्देश्य से यह आयोजन लगातार चौथे वर्ष किया जा रहा है। बच्चों को कबड्डी, फुटबॉल, क्रिकेट, खो-खो और फिजिकल ट्रेनिंग जैसी गतिविधियों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अलग-अलग खेलों के लिए प्रशिक्षक भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

उन्होंने बताया कि आज के दौर में बच्चे मोबाइल और टीवी की ओर ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं, जिससे उनका शारीरिक विकास प्रभावित हो रहा है। इसी सोच के साथ रेलवे इंस्टिट्यूट ने बच्चों को खेल और





गतिविधियों से जोड़ने की पहल की है। यहां बच्चों को प्रतिदिन व्यायाम, खेल प्रशिक्षण के साथ गुड़-चना, दूध और अन्य नाश्ते की व्यवस्था भी दी जाती है।

समर कैंप में मेडिटेशन, गुड टच-बैड टच, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, ड्राइंग और प्रतियोगी परीक्षा की विशेष कक्षाएं भी आयोजित की जा रही हैं। लगभग 50 बच्चे शाम की शैक्षणिक कक्षाओं में नियमित रूप से भाग ले रहे हैं। बढ़ती बच्चों की संख्या को देखते हुए आयोजकों ने पास स्थित अनुपयोगी मैदान को विकसित करने की मांग की है, ताकि बच्चों को बेहतर खेल सुविधा मिल सके। नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने कहा कि बच्चों के विकास के लिए रेलवे इंस्टिट्यूट का यह प्रयास बेहद सराहनीय है तथा मैदान विकास के लिए बीएसपी प्रशासन से चर्चा कर जल्द पहल की जाएगी।

## ग्राम पंचायत औंसर-डिघारी में विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

▪ बांध, पचरीकरण व अहाता निर्माण कार्य होगा

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत औंसर–डिघारी में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन संपन्न हुआ। इस दौरान बांध एवं सनबोरा तालाब में पचरीकरण कार्य तथा श्मशान घाट में अहाता निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि भाजपा गांवों के विकास के लिए सतत योजना बनाते रहती है जो आप सबके सामने है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितकारी सोच और क्रियान्वयन से अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभ मिलती है। गरीबों को पक्का मकान,



शौचालय की सुविधा, गैस की सुविधा सहित मूलभूत सुविधाएं साफ साफ दिखने लगी है।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत की सरपंच प्रियालता महिपाल ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में लगातार जनहित एवं मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

उन्होंने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत मिले विकास कार्यों के लिए शासन एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सचिव शशि वर्मा, सुरेश वर्मा, श्यामा भारती, गजेंद्र भारती, रोजगार सहायक भूषण वर्मा, अंजू महिपाल, अनकेश्वर महिपाल, पूनम भारती, सागर बाई, भगवती गायकवाड़, राधा वैष्णव, उषा भारती, सरोजिनी भारती, मनभा बाई यादव, कल्याणी कश्यप, महेश्वरी महिपाल सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## बालोद के शिवालयों में गूंजेगी शिव भक्ति

**बालोद।** संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 'अटूट आस्था के 1000 वर्ष' को इस वर्ष 11 जनवरी से 11 जनवरी 2027 तक एक राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव के रूप में आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत 11 मई को बालोद जिले के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक प्राचीन कपिलेश्वर शिव मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर गुरूर ब्लाक के पलारी एवं बालोद विकासखण्ड के ग्राम जगन्नाथपुर स्थित प्राचीन शिवालयों के साथ–साथ जिले के शिवालयों में भक्तिपूर्ण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 'अटूट आस्था के 1000 वर्ष' के अंतर्गत ग्राम पंचायत ब्लाक एवं तहसील स्तर से लेकर जिला एवं राज्य स्तर तक सभी शिवालयों (शिव मंदिरों) में भक्तिपूर्ण, सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से संपन्न किया जाएगा। इसके साथ ही महाविद्यालय, विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थाओं को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के दौरान व्यापक युवा सहभागिता हेतु सोमनाथ संवाद और संबंधित परिसर प्रचार गतिविधियों जिसमें सेमीनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित किए जाएंगे। बालोद जिले में 11 मई को ऐतिहासिक, पुरातात्विक प्राचीन शिवालय स्मारक कपिलेश्वर मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## सुशासन तिहार के लिए बनाए गए कई नोडल अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत नगर पालिका बालोद स्थित सरदार पटेल मैदान एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत परिसर माहुद अ में 12 मई को सुबह 10 से दोपहर 03 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका परिषद बालोद में आयोजित शिविर के सफल आयोजन हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी खिरोद भोई नोडल अधिकारी एवं उप अभियंता विजय मेहतरा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। माहुद अ में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम देवरी द, गोड़ेला, खुरसुनी, चिरचार, जेवरतला, बोड़ेना, सिब्दी, भरदाकला, मोहंदीपाट, बघेली, बघेली, खुरसूल, गब्दी, माहुद (अ), अर्जुनी, टिकरी, बोरगहन, डुड़िया, मटिया (अ), देवगहन, ओड़ारसकरी, चीचा, भिलाई और तिलखैरी के ग्रामीण शामिल होंगे। ग्राम पंचायत परिसर माहुद अ में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के सफल आयोजन हेतु उप संचालक पंचायत काव्या जैन को नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुंडरदेही उमेश रात्रे और अनुविभागीय अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग विशाल नेताम को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

उल्लेखनीय है कि नगर पालिका बालोद में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। जिसके अंतर्गत तहसीलदार आशुतोष शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह ग्राम माहुद में आयोजित राजस्व पखवाड़ा शिविर के लिए तहसीलदार चंद्रशेखर चंद्राकर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## मोहंदीपाट में तीन दिन से पानी सप्लाई बंद, अफसर ने कहा- जानकारी लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/निकुम

▪ ग्रामवासियों की फरियाद नहीं सुन रहे जिम्मेदार

▪ पानी के लिए भटक रहे ग्रामीण

मई लगते ही सूरज 43 डिग्री तापमान से जनजीवन प्रभावित हो गया है। ग्राम मोहंदीपाट में वाटर लेबल का ग्राफ भी लगातार पाताल लोक में मानो पहुंच गया है। बोर, हैंड पंप से पानी नहीं आ रहा। देर तक मशक्कत के बाद भी पानी कम हवा ज्यादा निकल रही है। तकरीबन 600 फीट गहरे बोर से भी पानी निकलना बंद हो गया, वही लगभग दर्जन भर हैंड पंप से भी रुक रुक कर पानी निकलता है।गांव में एक नहीं दो पेयजल टंकी है जो सिर्फ हाथी



का दांत साबित हो रहा है। ग्रामीणजन बीते तीन दिनों से ज्यादा परेशान है। गांव में हर घर नल जल योजना में तकरीबन 260 परिवारों में नल कनेक्शन हुआ है लेकिन बीते 3 दिनों से घरों में पानी सप्लाई नहीं हो रही है। ग्रामीण जन पंचों और सरपंच को फरियाद कर मानो विधवा विलाप कर थक गए, लेकिन समस्या जस की तस बनी है।

### जनसमस्या निवारण शिविर में करेंगी शिकायत

ग्राम पंचायत मोहंदीपाट सरपंच दीपा ठाकुर ने कहा जनसमस्या निवारण शिविर में शिकायत करूंगी।कई बार पीएचई विभाग के अधिकारियों को बोल कर थक गई हूं। पीएचई विभाग गुण्डरदेही एसडीओ विशाल नेताम ने कहा कि पानी संबंधी व्यवस्था की जानकारी लेता हूं।

## पेज 9 का शेष

### खाट में बैठकर कुएं से ...

अपनी जान बचाने के लिए कुएं में लगे पानी की मोटर पाइप को मुंह से पकड़े हुए था। वह गहरे पानी में डूबने से बचने के लिए घंटों इसी तरह संघर्ष करता रहा। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी जानकारी पुलिस व वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम तेंदुए को कुएं से बाहर निकालने के लिए जेसीबी मशीन और खाट की मदद ली। तेंदुआ कई घंटों से कुएं में फंसा हुआ था। जैसे ही खाट के सहारे उसे बाहर ऊपर लाया गया, उसने अचानक छलांग लगाई और तेजी से गांव की ओर भाग गया।

### जगतरा में तेंदुए की ...

करने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत किसी भी प्रकार की भीड़ एकत्रित करना, अफवाह फैलाना अथवा वन्य प्राणी की खोज हेतु समूह बनाकर जंगल क्षेत्र में प्रवेश करना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। वन विभाग, पुलिस विभाग एवं प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। प्रशासन द्वारा वन्य प्राणी दिखने पर वन विभाग के हेल्पलाइन नंबर या स्थानीय पुलिस को सूचित करने तथा वन विभाग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने एवं ग्रामीणजन, बच्चों एवं पशुओं को बाहर में अकेला नही छोड़ने की भी अपील की गई है। प्रतिबंधात्मक आदेश की अवहेलना में दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति भारतीय दंड प्रक्रिया नियमावली की धारा 188 एवं वन्य प्राणी सुरक्षा अधिनियम 1972 तथा पशु क्रूरता अधिनियम के तहत दण्ड का भागीदार होगा।

### बालोद जिले ने अंधत्व ...

नेत्र एकत्र कर एम्स रायपुर भेजा गया, जिनसे 04 व्यक्तियों की नेत्र ज्योति प्राप्त हुई। सबसे ज्यादा ऑपरेशन कराने में प्रथम सीएचसी गुरूर, द्वितीय सीएचसी बालोद तथा तृतीय स्थान पर सीएचसी गुण्डरदेही रहें। जिन्हें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया।

व्यक्तिगत उपलब्धि में श्याम सुन्दर देवांगन नेत्र सहायक अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पलारी गुरूर प्रथम, धर्मेन्द्र देशमुख नेत्र सहायक अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ज.सांकरा बालोद द्वितीय एवं दिनेश सिन्हा नेत्र सहायक अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिखलाकसा डौण्डी को तृतीय उपलब्धि हेतु प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। सभी नेत्र सहायक अधिकारियों की उपलबि शत–प्रतिशत रही। जिला अस्पताल में डॉ. एलएन. वर्मा एवं डा मधु ठाकुर द्वारा मोतियाबिंद ऑपरेशन निःशुल्क रूप से सप्ताह में दो ओटी दिवस में किया जा रहा है। जिला अस्पताल में कुल 295 मोतियाबिन्द आपरेशन सफलता पूर्वक किये गये। 40 बिस्तर वाला डेडिकेटेड आई ओटी एवं वार्ड का संचालन पिछले 02 माह से प्रारंभ किया जा चुका है। इस कार्यक्रम में सभी बीएमओ, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला, पुरूष एवं मितानिनों का विशेष सहयोग रहा है।

### मवेशी से टकराई बाइक...

इस हादसे के बाद मृतिका के परिवार में मातम पसरा हुआ है। वहीं क्षेत्र के लोगों ने सड़क पर आवारा मवेशियों की बढ़ती समस्या पर चिंता जताई है, क्योंकि इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

खबर संक्षेप



## ऑनलाइन सट्टा में दो आरोपियों ने किया सरेंडर

**भिलाई।** दुर्ग जिले के धमधा थाना क्षेत्र में ऑनलाइन सट्टा का संचालन के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लगातार दबिश और गिरफ्तारी के दबाव के चलते दोनों आरोपियों ने खुद ही आत्मसमर्पण किया। पुलिस ने पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

धमधा पुलिस के अनुसार ऑनलाइन सट्टा संचालन को लेकर धारा 7(2) जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से नीतिश गुप्ता (35 वर्ष) निवासी बनियापारा धमधा और अमित शर्मा (46 वर्ष) निवासी ग्राम बिरझापुर फरार चल रहे थे। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी और तलाश कर रही थी। लगातार बढ़ते पुलिस के दबाव के बीच आरोपी नीतिश गुप्ता और अमित शर्मा ने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस ने दोनों से पूछताछ की और प्रकरण से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटाई। पूछताछ के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड में भेजा गया। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी अवैध रूप से ऑनलाइन सट्टा का संचालन कर आर्थिक लाभ कमा रहे थे। मामले में पूर्व में जब्त सामग्री के आधार पर वैधानिक कार्रवाई पहले ही की जा चुकी है।

## चोरों का आतंक, एक महीने में 70 वाहन चोरी

**भिलाई।** दुर्ग जिले में इन दिनों वाहन चोरों का गिरोह बेलगाम होता नजर आ रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक बाइक चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। हालात ऐसे हैं कि लोग घर, बाजार, अस्पताल और ऑफिस के बाहर वाहन खड़ा करने से भी डरने लगे हैं। पिछले 4 अप्रैल से 4 मई के भीतर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से करीब 70 दुपहिया वाहन चोरी होने की शिकायत पुलिस तक पहुंची है। आंकड़ों पर नजर डालें तो सबसे ज्यादा वाहन चोरी की घटनाएं भिलाई छावनी और भिलाई नगर क्षेत्र में सामने आई हैं। भिलाई छावनी थाना क्षेत्र में 10 और भिलाई नगर थाना क्षेत्र में 9 बाइक चोरी हुई हैं। वहीं सुपेला थाना क्षेत्र में 8, भिलाई तीन में 6 और पुलगांव व उतई थाना क्षेत्र में 5-5 वाहन चोरी की शिकायत दर्ज हुई है। इसके अलावा मोहन नगर थाना क्षेत्र में 4, पद्मनाभपुर में 4, नंदिनी नगर में 3, नेवई में 3, दुर्ग कोतवाली में 3, अम्लेश्वर में 3, जामुल में 2, खुर्सीपार में 2 तथा अंडा, भट्ठी, बोरी और धमधा थाना क्षेत्र में 1-1 वाहन चोरी का मामला सामने आया है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से आम लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। कई लोगों का कहना है कि चोर सुनसान गलियों के साथ अब भीड़भाड़ वाले इलाकों को भी निशाना बना रहे हैं। बाजार, अस्पताल, बैंक और कोचिंग सेंटर के बाहर खड़ी बाइक मिनटों में गायब हो रही हैं।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री सुजान सिंह आ. आत्माराम जाति कंवर निवासी आरबीरा तह डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) ने विक्रेता श्रीमती बननीन पति श्री बालमुकुंद जाति हल्बा साकिन ग्राम डेंगरापार तह. व जिला बालोद (छत्तीसगढ़) के मालिकाना हक व स्वामित्व की काश्तकारी भूमि खसरा नं 391/1, 391/4, 417/1, 421, 422, 423 रकबा क्रमशः 0.11, 0.11, 0.58, 0.08, 0.12, 0.12 के कुल खसरा 06 कुल रकबा 1.12 हे. ऋण पुस्तिका क्रं P146183 ग्राम डेंगरापार प.ह.नं. 01 तह. व जिला बालोद (छत्तीसगढ़) में स्थित भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याने की बड़ी रकम दे दी हैं, उक्त सौदाशुदा भूमि का विक्रय पंजीयन मात्र शेष हैं।

उपरोक्त संव्यवहार के संबंध में किसी व्यक्ति, व्यक्तियों की संस्था, बैंक, वित्तीय निकाये, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान को किसी भी प्रकार का उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के दस दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालीन पते पर प्रस्तुत कर देवे समयावधि उपरांत की गई किसी भी प्रकार की आपति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और विक्रय विलेख का पंजीयन कर दिया जावेगा। सो सूचना जाने।

**दिनांक : 08-05-2026**

**विनोद कुमार शुक्ला (अधिवक्ता)**
**पूर्व अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ राजनांदगाँव, ब्राह्मण पारा, गांधी चौक, राजनांदगाँव मो : 9424126898**

## परीणाम : 10वीं में नितिश और 12वीं में पायल ने किया टॉप

# सेजेस अंडा स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



सेजेस अंडा दुर्ग का हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा एवं हायर सेकंडरी स्कूल परीक्षा का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा। हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 73.86 प्रतिशत व हायर सेकंडरी स्कूल परीक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 77.52 प्रतिशत रहा।

कक्षा दसवीं में कुल दर्ज 91 विद्यार्थियों में से 88 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिलायी और कुल 65 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए इस प्रकार उत्तीर्ण प्रतिशत 73.86% रहा। शाला में प्रथम स्थान पर नितिश निर्मलकर 90.1% द्वितीय स्थान पर खुशी देशमुख 90%, तृतीय स्थान पर रितिका 87.17% है। कक्षा 12वीं में कला संकाय में दर्ज संख्या 39 विद्यार्थी में से 38 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। 27 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए इस प्रकार कला संकाय का परीक्षा परिणाम 71% रहा। कला संकाय में प्रथम स्थान पर लेखिका देशमुख 75.2%, द्वितीय स्थान पर जास्मिन टंडन 74.6%, तृतीय स्थान पर सोनिया 67.40% है। विज्ञान संकाय में कुल 24 विद्यार्थी दर्ज थे, 24 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिसमें से विद्यार्थी 17 उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार परीक्षा परिणाम 77.27%रहा। विज्ञान संकाय के अंतर्गत गणित संकाय में प्रथम स्थान पर रुपेश्वरी सार्वा 86.80%,द्वितीय स्थान पर भूमिका निर्मलकर 84.80%,तृतीय स्थान पर चंचल चंद्राकर 75.40% है। कॉमर्स संकाय में 27 विद्यार्थी दर्ज थे जिसमें 27 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिलाया और 25 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, इस प्रकार उत्तीर्ण 92.59%प्रतिशत रहा। कॉमर्स संकाय में प्रथम स्थान पर पायल साहू 87.4%,द्वितीय स्थान पर यामिनी साहू 83.6% तृतीय स्थान पर हर्ष कुमार यादव 77.8%है। कक्षा दसवीं के शिक्षक शिक्षिकाएं एल के देशमुख ,गीता टंडन थी। कक्षा 12वीं के कक्षा शिक्षिकाएँ- कला संकाय की सुधा चेलक ,विज्ञान संकाय की स्वाति कोठारी एवं कॉमर्स संकाय की सीमा शर्मा थी।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय रानाखुज्जी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



**डौंडीलोहारा।** संकुल रानाखुज्जी अंतर्गत आयोजित पांचवीं केंद्रीकृत परीक्षा में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रानाखुज्जी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने बालोद जिले की टॉप-10 मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय की छात्रा तनुजा सुधाकर ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर शानदार सफलता हासिल की। वहीं रिषिका अमंदीया ने 96.50 प्रतिशत तथा आराध्य कसेर ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा प्राथमिक शाला आलीवारा की छात्रा झिलमिल ने 95.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की मेरिट सूची में अपनी जगह बनाई। विद्यालय की उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जुड़ते हुए स्वामी आत्मानंद विद्यालय के एक विद्यार्थी का चयन नवोदय विद्यालय तथा दो विद्यार्थियों का चयन एकलव्य विद्यालय में हुआ है। विद्यालय की इस सफलता पर प्राचार्य सुदीप कुमार साहू ने विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का यह सुखद परिणाम है। इस अवसर पर सीएसी भागवत इंदौरिया, व्याख्याता के.पी. टंडन, प्रधान पाठक बलराम सोनकर, पृथ्वीपाल सिंह, शिक्षिका परमेश्वरी साहू एवं सहायक शिक्षक हिमांशु साहू ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## देवरी स्कूल की छात्रा विद्यालक्ष्मी ने जिला टॉप-टेन में बनाई जगह





**डौंडीलोहारा।** पूर्व माध्यमिक शाला देवरी बंगला का कक्षा आठवीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा विद्यालक्ष्मी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 97.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने जिला स्तरीय टॉप-टेन सूची में पांचवां स्थान हासिल कर विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। कमलनारायण साहू ने 96.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, जानवी ने 93.33 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय, हिमांशी ने 91.50 प्रतिशत अंक अर्जित कर चतुर्थ तथा वैभव निषाद ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पंचम स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की इस सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्रधान पाठक दोवेन्द्र कुमार आर्य, कक्षा शिक्षिका डामिन देशमुख तथा शिक्षक प्रतिभा देवांगन, मेघनाथ कार्ते, अंजुलता सोनी एवं महेश कोलियारे ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

## 10वी-12वीं के छात्रों के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरू





**गुरूर।** तहसील साहू संघ गुरुर द्वारा 10वीं व 12 वीं के बच्चों के लिए तहसील साहू सदन में निःशुल्क कोचिंग क्लास प्रारंभ की गई है। इसके लिए 100 रुपए पंजीयन शुल्क रखा गया है, लेकिन जो बच्चे शुल्क देने में अस्मर्थ होंगे उन्हें भी कोचिंग क्लास में प्रवेश दिया जा रहा है। कोचिंग क्लास का शुभारंभ भगवान जगन्नाथ व भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना से किया गया। यह कोचिंग क्लासेस 1 मई से प्रारंभ होकर विद्यालय प्रारंभ होने तक जारी रहेगा। जिला साहू संघ बालोद अध्यक्ष महेन्द्र साहू के मुख्य आतिथ्य में तहसील साहू संघ अध्यक्ष मिथलेश साहू, सचिव खेदू राम साहू सहित उपस्थित पदाधिकारियों ने बच्चों का स्वागत करते हुए मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। साहू संघ ने सभी बच्चों को कापी एवं पेन प्रदान किया किया। कोचिंग क्लास लेने वाले सेवाभावी शिक्षक हेमंत हिरवानी, रामदास साहू, रेवा राम साहू बच्चो को निःशुल्क अपनी सेवाएं देंगे।

इस अवसर जिला अध्यक्ष महेंद्र साहू महेन्द्र साहू ने कहा बच्चों मे टेलेंट बहुत है उसे निखारने की आवश्यकता है। असफलता यह सिद्व करती है कि हमने प्रयास पूरे मन से नहीं किया गया। तहसील अध्यक्ष मिथलेश साहू ने कहा पंजीयन शुल्क एक व्यवस्था है, अनिवार्य नहीं है, जो बच्चे शुल्क देने में असमर्थ है, उनसे शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस दौरान सचिव खेदू राम साहू, सह सचिव सूरज गोपाल गंगबेर, संयोजक अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जगत राम साहू, सचिव अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ गुरुर सुरेश साहू उपस्थित थे।

## पीएमश्री विनायकपुर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**अंडा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर का प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा कक्षा पांचवी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा पांचवी में कुल 28 बच्चों ने बोर्ड परीक्षा दिये थे। इसमें 24 बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। 4 बच्चों ने द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। 14 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किये। शाला में प्रथम स्थान खेमन कुमार साहू 94.50 प्रतिशत द्वितीय स्थान प्रीन्सी देशलहरे 92.50, तृतीय स्थान जयंत कुमार साहू ने 92 प्रतिशत अंक हासिल किये। शाला परिवार की तरफ से सभी बच्चों को बधाई दिया गया। ग्राम पंचायत विनायकपुर के सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, एस एम डी के अध्यक्ष मोती मारकंडे, एस एम सी अध्यक्ष जगन्नाथ देवांगन,विधायक प्रतिनिधि भूषण दिल्लीवार त्रेता चन्द्राकर वरिष्ठ नागरिक,उपाध्यक्ष ललित बाई साहू, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य भामिनी महार, स्मृति सोनी, बीना देवांगन, गोदावरी देवांगन, गुंजा साहू, ललिता गजपाल, मंजुलता धनकर, प्रीतिमाला, ज्योति गजपाल, रमेश गजपाल, नीलेश साहू, संतोष देशलहरे, दिनेश देशमुख,डां चैनदास साहू, यशवंत साहू, निहाल साहू, डोमेन्द्र साहू, इन्द्राणी दिल्लीवार ने सभी बच्चों एवं उसके शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पीएम श्री स्कूल के प्रधान पाठक टीकेन्द्र चन्द्राकर ने सभी बच्चों एवं उनके पालको को बधाई दिया गया।



### जिला टापर छात्र पूरब को शिक्षकों ने दी बधाई

**डौंडी।** शा.प्रा.शाला कांड़े संकुल कुआगोंदी के प्रतिभाशाली छात्र पूरब साहू ने जिला टाप टेन में अपनी जगह बनाकर गांव, पालक एवं शिक्षकों को गौरवान्वित किया। सहायक शिक्षिका उपासना जायसवाल और अनिल कुमार देवांगन प्रधान पाठक ने शाला परिवार की ओर से पूरब को बहुत बधाई दी।

# किसानों को सिखाया कैसे बनाए जैविक खाद

**जामगांव आर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर कृषि विज्ञान केंद्र पहांदा दुर्ग द्वारा अकतई पंचायत के आश्रित ग्राम रीवागहन में 5 से 20 मई तक विकसित कृषि संकल्प अभियान रथ चलाया जा रहा है।

इसमें कृषि अनुसंधान केंद्र पाहंदा के अधिकारी कर्मचारी मनीष कुमार वर्मा, विनय नायक, अटारी पाटन से मनीषा सिन्हा प्रवीन कुमार ने खेतों में खाद उपयोगिता की संतुलन एवं जैविक खाद की प्रभावी जानकारी दी। अधिकारियों ने स्थानीय स्तर पर जैविक खाद तैयार कर खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ाने की सलाह किसानों को दी। सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद ने कहा कि शासन योजना बनाकर ग्रामीणों किसानों को लाभान्वित करने का नित्य नई प्रयोग कर रही है। अधिकारी योजनाओं को समझाने गांव गांव पहुंचने लगे हैं। योजनाओं को भली भांति समझकर लाभ उठाना चाहिए। तब सरकार और आम जनता का लक्ष्य पूरा होने लगेगा। तब हमारे देश भक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों का विकसित भारत बन पायेगा। इसमें सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद, पंच देवेंद्र साहू, पुनीत ठाकुर, भारती ठाकुर, नर्मदा ठाकुर, कुंती बाई, तुलसी बाई, लतेलीन बाई, रूखमणि, ज्योति ठाकुर, ओमप्रकाश साहू, रोशन साहू, समारू ठाकुर, फुलेश्वरी निषाद, गंगा निषाद, कुशबाई ठाकुर, पारस ठाकुर, पवन ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे।



# युवा शिविर में व्यक्तित्व निर्माण व व्यसन मुक्ति का संदेश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा में पांच दिवसीय आवासीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ से प्रशिक्षक कुलदीपकृष्ण भारती, डागेश्वर साहू, भेमेश्वरी साहू एवं सुमन साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 40 युवा प्रशिक्षणार्थियों ने सहभागिता निभाई।

शिविर का शुभारंभ प्रथम दिवस देव पूजन के साथ हुआ। इसके बाद सफल जीवन के सूत्र, कैरियर निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर कक्षाएं आयोजित की गईं। द्वितीय दिवस प्रातः योग-प्राणायाम के पश्चात गायत्री महाविज्ञान, स्वाध्याय की आवश्यकता, व्यसन मुक्ति एवं युग निर्माण योजना विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। तृतीय दिवस संस्कारों का विज्ञान, शिक्षा आंदोलन, मनोरंजन खेल एवं कर्मफल सिद्धांत पर चर्चा की गई। शाम 5 बजे नगर में भव्य व्यसन मुक्ति रैली निकालकर लोगों को नशा त्यागने का संदेश दिया गया। योग-प्राणायाम के बाद पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ। समापन अवसर पर दल प्रमुख कुलदीपकृष्ण भारती ने कहा कि श्रेष्ठ चरित्रवान एवं चिंतनशील युवा ही राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य होते हैं।

उन्होंने युवाओं से अपने परिवार और राष्ट्र का गौरव बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि संवेदनशील और साहसी युवा जिस क्षेत्र में आगे बढ़ते हैं, वहां नई दिशा और परिवर्तन लेकर आते हैं। उन्होंने महात्मा गांधी, बाल गंगाधर तिलक, अमर शहीद भगत सिंह, महर्षि अरविंद तथा युग निर्माण योजना के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य का उदाहरण देते हुए कहा कि इन महान विभूतियों ने युवावस्था में ही अपने क्षेत्र में शिखर हासिल किया था, इसलिए आज युवाओं को संस्कारित और जागरूक बनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान 17 भाई-बहनों ने गुरु दीक्षा ग्रहण की। शिविरार्थियों को प्रमाण पत्र एवं युग साहित्य प्रदान कर सम्मानित किया गया।

शिविर को सफल बनाने में भोलाराम साहू, प्रेम सिंह कोलियारे, मिलन सिन्हा, कैलाश साहू, तुलसी साहू, वीरेंद्र बघेल, पुराणिक सोरी, विशंभर बघमरिया, ओमप्रकाश केसरा, दुष्यंत कोलियारे, अनुख कंवर, सावित्री कंवर, विदेशी राम चौहान, रेनू चौहान, लखेश्वरी कोलियारे, पीलूराम साहू, लूणकरण ठाकुर, यादराम साहू, दारा सिंह भौसार्य, शोभना देशमुख, झमुना साहू, कौशल्या बघमरिया, रेखा साहू, केसर साहू एवं तेजेश्वरी अनुराधा का विशेष सहयोग रहा।

# प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क मॉडल टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 की तैयारी को लेकर 8 मई को निःशुल्क मॉडल टेस्ट परीक्षा सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में बालोद जिले के विभिन्न विद्यालयों से कुल 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

ज्ञात हो कि प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं प्रवेश हेतु मुख्य चयन परीक्षा 10 मई को राज्य के निर्धारित परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में केवल आदिवासी उपयोजना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कक्षा 8वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी ही पात्र हैं। मुख्य परीक्षा से पूर्व विद्यार्थियों को परीक्षा के वास्तविक वातावरण से परिचित कराने, समय प्रबंधन का अभ्यास कराने एवं स्वमूल्यांकन का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मॉडल टेस्ट का आयोजन किया गया। शिक्षक नीलकंठ धनकर की पहल पर मिडिल स्कूल चिल्हाटीकला में लगातार तीसरे वर्ष निःशुल्क मॉडल टेस्ट परीक्षा एवं कार्यशाला आयोजित की गई।

परीक्षा के बाद विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर उन्हें विश्लेषणात्मक फीडबैक भी दिया गया, जिससे वे अपनी कमजोरियों को समझकर मुख्य परीक्षा की बेहतर तैयारी कर सकें। विद्यार्थियों ने भी इस अभ्यास परीक्षा को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें मानसिक रूप से मुख्य परीक्षा के लिए तैयार होने में सहायता मिली। इस आयोजन को सफल बनाने में प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र, शिक्षिका जानकी देशमुख, धनेश्वरी यादव तथा संकुल समन्वयक थानेश्वर लाल साहू का विशेष योगदान रहा।

# महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष संगीता के प्रथम नगर आगमन पर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



महिला कांग्रेस की नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक संगीता सिंहा के नगर में प्रथम आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। नगर के कांग्रेस भवन के सामने आयोजित स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पुष्पहार एवं बुके भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक संगीता सिंहा ने कहा कि पार्टी संगठन ने जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, वह कार्यकर्ताओं के सहयोग और स्नेह का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आगे भी सभी कार्यकर्ता इसी प्रकार एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान देते रहेंगे। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष हस्तीमल सांखला, महिला कांग्रेस जिला महामंत्री विद्या शर्मा, मूलचंद शर्मा, विकास लोढ़ा, राकेश सांखला, कमलेश सिंह टांक, शेख फरीद सिद्दीकी, गुलाबी बाई, अनिता बाई, मिश्री बाई, पिंकी, सौहद्रा बाई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ठेलों व होटलों में कार्रवाई

**दुर्ग।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को कोटपा एक्ट के अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्र करंजा भिलाई, जेवरा-सिरसा, समोदा के पान ठेलों और होटलों में कोटपा एक्ट के उल्लंघन पाए गए। ऐसे 32 जगहों पर औषधि निरीक्षकों और पुलिस दल द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। इसी तरह खाद्य शाखा द्वारा जिले में संचालित रॉयल खालसा ढाबा पुलगांव, ठाकरे ढाबा, खन्ना ढाबा अंजोरा, केडएम केडबी स्टेशन रोड दुर्ग और श्री सांई इंटरप्राईजेस दुर्ग की जांच की गई। इसमें संचालकों को वेज-नानवेज को अलग-अलग भण्डारण और तैयार करने के निर्देश व साफ-सफाई के निर्देश दिए गए।

**जागरूकता:** हर घर सोखता गड्ढा और सामुदायिक सहभागिता

# जल संरक्षण के लिए ब्लॉक के 77 सरपंचों और रोजगार सहायकों ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- वाटर हीरो नीरज वानखड़े ने सिखाए जल संचय के गुर, गुरूर में 'जल आंदोलन' की शुरुआत

जनपद पंचायत गुरूर सभा कक्ष में जल संरक्षण एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य और ग्रामीणों में जागरूकता फैलाने और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने ब्लॉक के 77 ग्राम पंचायतों के सरपंच और ग्राम रोजगार सहायको का जल संचय और संरक्षण के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षक नीरज वानखडे ने जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वाटर हीरो, जल प्रहरी सम्मान से सम्मानित किया गया है। उन्हें वर्ल्ड एनवायरमेंटल काउंसलिंग द्वारा भी सम्मानित किया गया है। कोविड में उन्होंने इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड भी बनाया ऐसी ही अन्य और सम्मानों से उन्हें सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जल संकट का सामना पूरा देश, पूरा विश्व कर रहा है। इस संकट से बचने के तरीकों के बारे में समझया। उन्होंने बताया कि जल संकट तभी दूर किया जा सकता है, जब इसे लोग स्वयं की समस्या समझेंगे।



उन्होंने कहा यह अभियान जल आंदोलन का रूप लेगा, एक–एक बूंद पानी की कीमत समझते हुए लोगों को प्रत्येक घर में सोखता निर्माण करना होगा। उन्होंने सोखता गड्ढे का मानक साइज बताकर कैसे उपयोगी बनाना है, इसके बारे में बताया। बोरवेल के पास रिचार्ज पिट बनाने का तरीका भी बताया। जल संचय में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा घर परिवार से लेकर सामुदायिक स्तर तक महिलाओं की भूमिका निर्णायक रहती है। महिलाओं को जल प्रबंधन, जल स्त्रोत की सुरक्षा एवं भूजल पुनर्भरण के उपायों के प्रति विशेष जागरूक किया गया। इस अवसर पर सीईओ उमेश रात्रे, मनरेगा अधिकारी योगेश देवांगन, सरपंच संबंधित तकनीकी सहायक और 77 ग्राम पंचायत के सरपंच, ग्राम रोजगार सहायक आदि उपस्थित थे।

# बेलमांड में गूंजी मुक्तानुभूति की गूंज

## मैं हूं के संबोधन को माताजी ने बताया परमात्मा की सहज अभिव्यक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





जिले से 9 किमी दूरी में स्थित मुक्त अवधूत क्रीड़ा स्थली बेलमांड में विगत 5 से 9 मई तक मुक्तानुभूति प्रवचन का आयोजन किया गया। आयोजक मुक्तनुचर स्वामी वीरेश्वर शिष्य डॉ. कन्हैया लाल साहू परिवार थे।

वक्ता गिरिजादेवी शर्मा माताजी ने भगवान महर्षि मुक्त की अनुभूति सुनाते हुए कहा कि किसी से पूछने पर कौन हो तो बिना संदेह के हम कहते हैं कि मैं हूं। यही भगवान की सहज अभिव्यक्ति है का प्राकट्य है। इस मै हूं पर कोई विरोध नहीं है, हिंदू कहता है मैं हूं, मुसलमान कहता है मैं हूं, सिख बोलता है मैं हूं, ईसाई कहता है मैं हूं, अनपढ़ कहता है मैं हुं, पढ़ा लिखा कहता है मैं हूं, आस्तिक कहता है मैं हूं, नास्तिक कहता है मैं हूं। अतः मेरा परमात्मा आत्मा राम जिसका संबोधन मै हूं निर्विरोध है। मानस शिव गीता का प्रतिपादान करते स्वामी वीरेश्वर महाराज के छत्तीसगढ़ी मुक्त मंदाकिनी, भगवान मुक्तजी पैगाम ए मुक्त, मानसजी, भगवद गीता, भागवत पुराण श्रुति आगम निगम सब का उद्धरण दे माताजी ने बोधगम्य शैली में प्रवचन से मार्गदर्शन किया। मुक्तानुभूति प्रवचन श्रवण करने आस पास के ग्राम सहित गांव ही नहीं जिला बेमेतरा, कवर्धा, धमतरी, कांकेर जिले के मुक्तनुचार गणों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दी। उक्तशय की जानकारी स्वामी आत्मा राम कुम्भज के शिष्य डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत मानस मणि ने प्रदान की।

### ऑनलाइन सट्टा में दो आरोपियों ने किया सरेंडर

**भिलाई।** दुर्ग जिले के धमधा थाना क्षेत्र में ऑनलाइन सट्टा का संचालन के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लगातार दबिश और गिरफ्तारी के दबाव के चलते दोनों आरोपियों ने खुद ही आत्मसमर्पण किया। पुलिस ने पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। धमधा पुलिस के अनुसार ऑनलाइन सट्टा संचालन को लेकर धारा 7(2) जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से नीतिश गुप्ता (35 वर्ष) निवासी बनियापारा धमधा और अमित शर्मा (46 वर्ष) निवासी ग्राम बिरझापुर फरार चल रहे थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# भीषण गर्मी में महक उठा ग्राम पंचायत अकतई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भीषण गर्मी में भी कलकत्ता वैरायटी गेंदा फूल की लहलहाती और महकती खेती समीपस्थ ग्राम अकतई में बरबस मन को लुभाती हुई सबका ध्यान खींचकर सुकूनभरा पल देने लगी है। स्नातकोत्तर स्वाध्यायी छात्रा अकतई सरपंच माधुरी निषाद अपने पति नरोत्तम निषाद के साथ मिलकर गेंदा फूल की सफल खेती करके शहरों और गांवों में गेंदा फूल की सप्लाई कर जीवन को संवारने और महकाने में प्रेरणादाई भूमिका निभा रही है। विदित हो कि ग्राम पंचायत अकतई छोटा सा गांव है, जिनके दो आश्रित ग्राम रिवागहन और चारभाठा है।

जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने सरपंच माधुरी नरोत्तम दंपति की सराहना करते हुए कहा कि छोड़े से गांव अकतई में सरपंच दंपति का फूलों की खेती भीषण गर्मी में बड़ा



कमाल है, लाजवाब है। उन्होंने कहा कि आयोजनों के लिए पुष्प हार की जरूरत पड़ती थी, शहरों से कलेक्ट करना पड़ता था जो अब सरपंच दंपति की मेहनत के कारण आसान हो गई। शुक्रवार को गेंदा फूल की सप्लाई करने धमना जाते हुए नरोत्तम निषाद ने कहा कि काम करने का जज्बा होना चाहिए फिर असंभव सा कार्य भी संभव हो जाता है। उन्होंने बताया कि धान फसल से अच्छी आय गेंदा फूल की खेती से हो रही है, लेकिन मेहनत खूब करनी पड़ती है।

### सरपंच माधुरी सप्लाई के लिए तोड़ती है गेंदा फूल

अकतई सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद ने बताया कि फूल की खेती में हम पति पत्नी मेहनत करते है। मैं फुल तोड़कर रखती हूं ये सप्लाई करने चले जाते है। गेंदा फूल शहर तो जाता ही है गांवों में भी वैवाहिक कार्यक्रमों, बर्थ डे पार्टी, राजनीति कार्यक्रमों और अन्य कार्यक्रमों में आर्डर पर सप्लाई करते हैं। उन्होंने कहा कि फूल हमारी घर की खेती है जो किफायती दरों पर हमारे ग्रामीण भाइयों बहनों को उपलब्ध हो जाती है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
नोट :- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मनाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी




नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्ष्मी ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740